301021_FE_DELHI (1)-pages-14.pdf - Adobe Acrobat Reader DC
File Edit View Window Help
Home Tools 301021_FE_DELHI (... ×
1 / 1 75%

KRISHANA PHOSCHEM LIMITED

Regd. Off.: 5-O-20, Basement, R.C. Vyas Colony, Bhilwara, 311001 Rajasthan
Website- www.krishnaphoschem.com, Email- secretarial@krishnaphoschem.com
CIN:L24124RJ2004PLC019288 | Ph.: 01482-237104, Fax: 01482-239638

OSTWAL

Unaudited Financial Results For the Quarter & Half Ended 30th September 2021

[Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015] (Rs in Lacs)

S. No.	Particulars	Quarter ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2021	30.06.2021	30.09.2020	30.09.2021	30.09.2020	31.03.2021
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited
1	Total Income From Operation	7,853.77	5,319.19	5,148.92	13,172.96	9,236.99	19,069.89
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, and Exceptional and/or Extraordinary items)	646.33	939.42	816.09	1,585.75	1,251.07	2,839.83
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	646.33	939.42	816.09	1,585.75	1,251.07	2,839.83
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	428.70	648.66	558.41	1,077.36	846.67	1,958.35
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	428.70	648.66	558.41	1,077.36	846.67	1,952.94
6	Equity Share Capital	2,740.00	2,740.00	2,490.00	2,740.00	2,490.00	2,610.00
7	Other Equity (Reserves)				13,349.14		12,100.03
8	Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) (not annualised)						
	1. Basic	1.60	2.44	2.24	3.99	3.40	7.83
	2. Diluted	1.56	2.43	2.04	3.93	3.09	7.15

Note : (a). The unaudited financial results of the company for the quarter & half year ended September 30, 2021 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meetings held on 29th October 2021.The same have also been subjected to Limited Review by the Statutory Auditors. (b). The above financial results are prepared in accordance with Indian Accounting Standards ("IND AS") as prescribed under section 133 of the companies Act, 2013 read with relevant rules issued there under.(C). The above is an extract of the detailed financial results for the quarter and half year ended 30th September 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations,2015. The full format of the Quarterly and Half Yearly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange www.nseindia.com and Company's websites www.krishnaphoschem.com.(D)The Company has received offer for Preferential allotment of 25,00,000 Equity Shares @ 162 Rs./- in September, 2021 for an amount aggregating to Rs. 40.50 Crores for part financing of its new project i.e. DAP, out of which 23,64,500 Equity Shares have been allotted by allotment and the allotment of Equity Shares is in under process. Post the issuance of Equity shares by way of preferential allotment basis, the total paid up equity share capital of the Company will be increased from Rs.27.40 Crores to Rs. 29.75 Crores.

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
(Sunil Kothari)
Whole Time Director & CFO
DIN 02056569

Dated: 29-10-2021
Place: Bhilwara

TAI INDUSTRIES LIMITED

CIN: L01222WB1983PLC059695
Registered Office: Arihant Building, 3rd Floor, 53A, Mirza Ghalib Street, Kolkata – 700 016
Phone No.: (033) 4041 6666, Fax: (033) 2249 7319, E-mail: info@taiind.com
Website: www.taiind.com

NOTICE
(for transfer of equity shares of the Company to the Investor Education and Protection Fund)

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

Risk Management Department, Corporate Office, Chennai

Indian Bank, a Leading Public Sector Bank, has floated tender for Supply, Installation, Customization and Maintenance of Asset Liability Management and Fund Transfer Pricing solution.

Interested parties may refer Bank's Website:
https://www.indianbank.in/tenders
for details.

MAKERS

Makers Laboratories Limited

Regd. Off. : 54 D, Kandivli Industrial Estate Kandivli (West), Mumbai - 400 067.
Tel: (022) 28688544
E-mail: investors@makerslabs.com
Website: www.makerslabs.com
CIN - L24230MH1984PLC033389

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a meeting of

Nippon india Mutual Fund

Wealth sets you free

Nippon Life India Asset Managemen

(formerly known as Reliance Nippon Life Asset Mana
(CIN - L65910MH1995PLC220793)
Registered Office: 4th Floor, Tower A, Peninsula B
Ganapatrao Kadam Marg, Lower Parel (W), Mumb
Tel No. +91 22 6808 7000 • Fax No. +91 22 6808 7097 • m

NOTICE NO. 80

Half-yearly Unaudited Financial Results of the schemes of Ni

Unitholders of the schemes of Nippon India Mutual Fund ("NIM
that pursuant to Regulation 59 of SEBI (Mutual Funds) Regula
Half-yearly Financial Results of the schemes of NIMF for the pe
2021, have been hosted on the website of NIMF i.e. mf.nipponin

For NIPPON LIFE INDIA ASSET
(formerly known as Reliance Nippon Life A
(Asset Management Company For

Mumbai
October 29, 2021

Make even idle money work! Inve

Mutual Fund investments are
read all scheme relat

For Your Information...

Elementary Education accounted for 46.68% of the total expenditure on education in 2018-19

Elementary Education: 46.68%
Secondary: 33.39%
University & Higher: 13.06%
Technical: 5.39%
General Education: 0.84%
Language Development: 0.44%
Adult Education: 0.19%

Source: Education Ministry

Compiled by Nafanuksan Research

एमपी बिरला सीमेंट डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स की दीपावली मीट

बीकानेर/निजी संवाददाता

एमपी बिरला सीमेंट के तत्वावधान में बीकानेर के रानी बाजार स्थित मरुधर होटल पैलेस में बीकानेर जिले के डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। राधे सुथार ने बताया कि इस अवसर पर शैतान सिंह चंपावत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बीकानेर शहर के डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर्स की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर बीकानेर में बिरला के सेल्स प्रमोटर बजरंग लाल सुथार ने का माल्यार्पण और बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बीकानेर एरिया डिप्टी मैनेजर अमरदीप बिश्नोई, करणी सिंह एवं एरिया तकनीकी अधिकारी राहुल कपिल ने कंपनी के बारे में सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर दिनेश मारू, नितिन भदानी और राकेश ने अपना सहयोग किया।

मोजिका फूड्स के उत्पाद बाजार में उपलब्ध

जयपुर/कार्यालय संवाददाता

MOJIKA FOODS
आहार शुद्धौ सत्वशुद्धि

मोजिका फूड्स के विश्वस्तरीय मसाले एवं इंस्टेन्ट सब्जी के साथ दीपावली से जुड़े अन्य उत्पाद बाजार में उपलब्ध है। मोजिका फूड्स के निदेशक रजत मोजिका ने बताया कि त्योहारों के उत्सव इस दीपावली पर शुद्ध देशी से निर्मित सोन-पपड़ी, रसगुल्ला, गुलाब जामुन एवं शुद्ध तेल से निर्मित नमकीन ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध है। मोजिका फूड्स के अन्य उत्पाद जैसे इन्सटेन्ट फूड हलवा, उपमा, पापड़ की सब्जी, पंचकुटा एवं चटनी (लहसुन, पुदीना, काचरी) आदि बाजारों में उपलब्ध है। मोजिका फूड्स द्वारा निर्मित मसाले एवं अन्य सामग्री में गुणवत्ता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इन उत्पादों के निर्माण में किसी प्रकार के हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता है।

ब्रज हीरो में ग्राहक मीट, ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक सामान से किया पुरस्कृत

बीकानेर/निजी संवाददाता

नाल रोड चुंगी चौकी स्थित हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत एसोसिएट डीलर ब्रज हीरो एवं नामदेव फिनवेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ग्राहक मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी महेंद्र कल्ला ने की। उन्होंने कहा कि हीरो कंपनी पर लोगों को भरोसा है। ग्राहक मीट के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक धर्म पूनिया, विशिष्ट अतिथि जेएनवीसी थानाधिकारी महावीर बिश्नोई, नयाशहर थाना अधिकारी गोविंद सिंह चारण तथा रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक तुलसीदास पुरोहित ने ब्रज हीरो परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यह आफ्टर सेल्स, ग्राहकों का सर्विस में भी बहुत अच्छा ध्यान रखते हैं। अतिथियों का ब्रज हीरो की तरफ से डॉ. अशोक धारणिया, इंद्रजीत सिंह धारणिया एवं नामदेव फिनवेस्ट की तरफ से कंट्री हेड राकेश सैनी, मैनेजर भवानी सिंह पारीक, राजेंद्र देवलए एवं रविंद्र सिंह भाटी ने साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हीरो के तीन ग्राहकों को लक्की ड्रॉ द्वारा प्रथम पुरस्कार एलईडी टीवी सूरजमल जैन, द्वितीय पुरस्कार फ्रिज पूनम व तृतीय पुरस्कार वाशिंग मशीन विकास लोमरोड को अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। अंत में संस्थान के एमडी डॉ. अशोक धारणिया ने कहा कि 10 करोड़ भारतीयों को हीरो ब्रांड पर पूरा भरोसा है, यही भरोसा हमें दशकों से नंबर 1 बनाए हुए हैं। ब्रज हीरो द्वारा इस त्योहारी सीजन में अपने ग्राहकों को 12500 रुपए तक के फेस्टिव बेनिफिट के साथ-साथ लक्की ड्रॉ द्वारा भी 108 पुरस्कारों से नवाजा जाएगा जिनमें एलईडी टीवी, डीवीडी प्लेयर एवं 10 ग्राम चांदी के सिक्के ग्राहकों को दिए जाएंगे।

रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र को डेंगू मुक्त क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा उद्योग संघ : पचीसिया

बीकानेर/नि.सं.। डेंगू के प्रति जागरूक रहकर ही बीकानेर से डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को दूर भगाया जा सकता है। इसके लिए हमें संयुक्त प्रयास करने आवश्यक है। यह शब्द जिला कलक्टर नमित मेहता ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रीको लिमिटेड एवं बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा शुरू किए जा रहे डेंगू जागरूकता अभियान के पोस्टर विमोचन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहे। नमित मेहता ने बताया कि हम सबको सफाई के प्रति जागरूक रहते हुए यह संकल्प लेना होगा कि हम अपनी इकाइयों एवं घरों के आगे गंदा पानी इकट्ठा नहीं होने देंगे। खुद भी सफाई के प्रति सजग रहते हुए दूसरों को भी गंदगी फैलाने से रोकना होगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रफ्फुल्ल कुमार की धर्मपत्नी डॉ वर्षा तनु कि डेंगू से सावधानी रखने के लिए महिलाओं को आगे आना चाहिए क्योंकि महिलाएं स्वस्थ समाज की रचना में एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के उपमहाप्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि

एसबीआई सदैव सामाजिक सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है और वर्तमान समय में स्वास्थ्य ही चिंता का विषय है। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि पोस्टर विमोचन पश्चात प्रथम चरण में पूरे रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में जेसीबी मशीन व ट्रेक्टर ट्रोलियों द्वारा सघन सफाई अभियान शुरू करवा दिया गया है और बीकानेर जिला उद्योग संघ पूरे रानीबाजार औद्योगिक क्षेत्र को साफ-सुथरा व डेंगू मुक्त क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक एम.एम.एल. पुरोहित ने बताया कि बीकानेर जिला उद्योग संघ एवं एसबीआई का काफी पुराना और मजबूत रिश्ता है और एसबीआई जनहित के कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग करने को तत्पर रहेगा। इस अवसर पर वीरेंद्र किराडू, रमेश अग्रवाल, दिलीप रंगा, निर्मल पारख, मनीष तापडिया, पवन पचीसिया, सीए राजेश भूरा, सीए राकेश धायल आदि उपस्थित हुए।

बंशी पहाड़पुर क्षेत्र में सेंड स्टोन खनन प्लॉटों की ई-ऑक्शन प्रक्रिया शुरू

जयपुर/कार्यालय संवाददाता

राज्य के माइंस विभाग ने बंशी पहाड़पुर क्षेत्र में 39 खनन प्लॉटों की ई नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि 135.94 हैक्टेयर क्षेत्र के 30 खनन प्लाटों की ई नीलामी 10 नवंबर से आरंभ होकर 24 नवंबर तक चलेगी वहीं 94.70 हैक्टेयर क्षेत्र के 9 खनन प्लॉटों की नीलामी 25 नवंबर से आरंभ होकर 3 दिसंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि नीलामी की यह प्रक्रिया भारत सरकार के ई नीलामी पोर्टल एमएसटीसी के माध्यम से की जा रही है। अग्रवाल ने बताया कि इसी साल मार्च में बंशी पहाड़पुर खनन क्षेत्र ब्लॉक ए व बी सुखासिला एवं कोट क्षेत्र को बंध बारेठा वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र से बाहर करवाया गया और जून में केन्द्र सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भरतपुर के बंशी पहाड़पुर में खनिज सेंड स्टोन के खनन के लिए वन भूमि के डायवर्जन की प्रथम स्तरीय स्वीकृति जारी कराई गई।

उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र में वैध खनन हो सकेगा वहीं राम मंदिर के लिए सेंड स्टोन वैध तरीके से खनन के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगा। अग्रवाल ने बताया कि देश भर में बंशी पहाड़पुर के गुलाबी और लाल पत्थर की अच्छी मांग है।

काजरी बनाएगी काचरा कोल्ड ड्रिंक व कैंडी

जोधपुर/नि.सं.। केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान काजरी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से वित्त पोषित परियोजना के तहत चयनित किसान महिलाओं की आय दुगनी करने को लेकर तीन दिवस कार्यशाला का आयोजन हुआ।

परियोजना प्रभारी डा. प्रतिभा तिवारी ने बताया कि कार्यशाला में किसान महिलाओं को काचरा से ठंडे पेय मैलोसिप एवं कैंडी, आंवला के लड्डू, मुरब्बा, टमाटर की चटनी व बाजरा के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सीड विभाग के सलाहकार डॉ. देबाशीष दत्ता ने नाबार्ड एवं लीड बैंक के अधिकारियों ने सरकार की स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी दी। काजरी निदेशक डॉ. ओपी यादव ने कार्यशाला के सफल संचालन के लिए सभी को बधाई दी ।

विचार सागर

"आंख खोल कर, दूसरों की बुराई देखने के बजाय, आंख बन्द करके स्वयं की बुराई देखना बेहतर हितकर है।"
- पी.सी. वर्मा

"अगर लगन हो तो उम्र कोई बाधक नहीं, बस बहादुरी के साथ निरंतर बढ़ते रहने की इच्छा होनी चाहिए।"
- के.आर. कमलेश

Thoughts of the time

Failure is, in a sense, the highway to success, inasmuch as every discovery of what is false leads us to seek earnestly after what is true.
- John Keats

Never doubt that a small group of thoughtful, committed people can change the world. - Suresh Rathi

राजस्थानी कहावत

खीचड़ खायौ, पेट कुटायौ, थारा राज में कांई सुख पायौ?

खीच खाया, पेट कुटाया, तेरे राज में क्या सुख पाया?

- पीड़ित प्रजा की अपने राजा के लिए अंवर्वेदना।

-स्व. विजय दान देथा
साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा

नेशनल • इंटरनेशनल

'भविष्य की कौशल जरूरत को लेकर निजी क्षेत्र को प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की तरह काम करना चाहिए'

नयी दिल्ली/एजेंसी। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि निजी क्षेत्र को भारत की अर्थव्यवस्था की भविष्य की कौशल आवश्यकता का पूर्वानुमान लगाने के लिए एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की तरह काम करना चाहिए।

उन्होंने साथ ही कहा कि निजी क्षेत्र को न केवल एक प्रशिक्षण भागीदार के रूप में काम करना चाहिए बल्कि भविष्य के संबंध में वित्तीय और रोजगार हितधारक के रूप में भी मजबूत भागीदारी करनी चाहिए। चंद्रशेखर ने कहा कि उद्योग को अगले एक से तीन साल में देश में आवश्यक कौशल का पूर्वानुमान लगाना चाहिए, और कौशल भागीदारों और सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन क्षेत्रों में प्रमुख पाठ्यक्रम विकसित किए जाए, तैयार किए जाएं, उन्हें मान्यता मिले, प्रमाणन मिले और वे उपलब्ध हों। चंद्रशेखर कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री भी हैं।

उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और नास्कॉम की एक पहल फ्यूचरस्किल्स प्राइम के शुभारंभ के मौके पर कहा, हमें निजी क्षेत्र को प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का रूप देना होगा जो हमें बताए कि हमारी अर्थव्यवस्था को कौन से कौशल की आवश्यकता है ... मुझे लगता है कि यह सरकार और उद्योग के बीच साझेदारी को चिह्नित करने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

श्रम मंत्रालय ने एक अक्टूबर से केंद्रीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए न्यूनतम मेहनताना बढ़ाया

नयी दिल्ली/एजेंसी

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने केंद्रीय क्षेत्र के 1.5 करोड़ श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते की दर में संशोधन किया है। महंगाई भत्ते में वृद्धि एक अक्टूबर से प्रभावी होगी, जिसके परिणामस्वरूप केंद्रीय क्षेत्र के कर्मचारियों और श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में इजाफा होगा।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ऐसे समय में जब देश कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है, केंद्रीय क्षेत्र में विभिन्न अनुसूचित रोजगारों में लगे विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों को एक बड़ी राहत देते हुए, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) की दर को अधिसूचित और संशोधित किया है जो एक अक्टूबर, 2021 से प्रभावी होगा।

वीडीए औद्योगिक श्रमिकों के लिए औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर संशोधित किया जाता है। यह मूल्य सूचकांक श्रम ब्यूरो (श्रम और रोजगार मंत्रालय से संबद्ध कार्यालय) द्वारा संकलित किया जाता है। वीडीए में इस संशोधन के लिए इस साल जनवरी से जून के महीनों के लिए औसत सीपीआई-आईडब्ल्यू का इस्तेमाल किया गया है।

केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने बयान में कहा कि इससे देश भर में केंद्रीय क्षेत्र में विभिन्न अनुसूचित रोजगार में लगे लगभग 1.5 करोड़ श्रमिकों को लाभ होगा। ये श्रमिक निर्माण, सड़कों के रखरखाव, रनवे, भवन संचालन, स्वच्छता एवं सफाई, माल को लादने और उतारने आदि कामों में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह वृद्धि एक अक्टूबर, 2021 से प्रभावी होगी। मंत्री ने साथ ही सभी राष्ट्र निर्माताओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

मध्य भारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय 5-ओ-21, बेसमेंट, आर.सी.व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा - 311001, राजस्थान
सीआईएन - L24121RJ1997PLC029126 फोन न.- 01482-237104, फैक्स न. -01482-239638
ई-मेल : secretarial@mbapl.com वेबसाइट : www.mbapl.com
सूचना
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग की बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं विनियमन 47 के अनुसार, एतदर्थ सूचित किया जाता हैं कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 09 नवंबर 2021 को आयोजित की जाएगी , जिसमे अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी की अन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों एवं सीमित समीक्षा रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी।
उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.mbapl.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।
निर्देशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते मध्य भारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड
हस्ताक्षरित /-
(पल्लवी सुखवाल)
कम्पनी सचिव
स्थान- भीलवाड़ा
तिथि- 29/10/2021

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(A State Government Enterprise Constitued Under RHB Act 1970)
क्रमांक आरई/भील/2021-22/1505 -जाहिर आम सूचना- दिनांक 27-10-2021
श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा को सामान्य पंजीकरण योजना वर्ष-1979 के अन्तर्गत आवास संख्या 1-जी-31, शास्त्री नगर भीलवाड़ा का आवंटन कर आवंटन पत्र क्रमांक 2538 दिनांक 21.12.1983 के द्वारा जारी कर दिनांक 11.06.1986 को आवास का भौतिक कब्जा सुपुर्द किया गया तथा मकान की समस्त राशि जमा होने के पश्चात् पत्र क्रमांक 1700 दिनांक 28.08.2006 के द्वारा अदेय प्रमाण पत्र जारी किया गया। श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा के पक्ष में कार्यालय पत्र क्रमांक 2099 दिनांक 04.11.2008 के माध्यम से आवास के पंजीयन हेतु पंजीयन प्रपत्र जारी किये गये। जिसे आवंटी ने दिनांक 05.11.2008 को उप पंजीयक कार्यालय भीलवाडा में पंजीयन करवा लिये थे। इस प्रकार हाल रिकार्ड उक्त आवास श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा के नाम है।
इसके पश्चात् उक्त आवास जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.08.2009 का श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा द्वारा श्रीमति मोहनी देवी पत्नि श्री दौलतराम सिन्धी एवं श्रीमति जयादेवी पत्नि श्री प्रकाशचन्द सिन्धी को बेचान किया गया।
इसके पश्चात् उक्त आवास जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.04.2012 को श्रीमति मोहनी देवी पत्नि श्री दौलतराम सिन्धी एवं श्रीमति जयादेवी पत्नि श्री प्रकाशचन्द सिन्धी द्वारा श्रीमति सावित्री देवी पत्नि स्व. श्री राधाकिशन सिन्धी को बेचान किया गया।
इसके पश्चात् उक्त आवास जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.09.2013 को श्रीमति सावित्री देवी पत्नि स्व. श्री राधाकिशन सिन्धी द्वारा श्री मोहनदास गुरनानी पुत्र श्री जैसाराम गुरनानी एवं श्रीमति भावना गुरनानी पत्नि श्री मोहनदास गुरनानी को बेचान किया गया।
अब अंतिम क्रेता श्री मोहनदास गुरनानी पुत्र श्री जैसाराम गुरनानी एवं श्रीमति भावना गुरनानी पत्नि श्री मोहनदास गुरनानी द्वारा आवास नामान्तरण हेतु शुल्क राशि रू. 17700/- दिनांक 29.09.2021 को जमा करवाकर उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण / नामान्तरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं जिसकी मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं।
अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
आवासीय अभियन्ता-राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड भीलवाड़ा

16 क्षेत्रीय दलों ने बिना पैन विवरण के 24.779 करोड़ रुपए का चंदा लेने की घोषणा की : एडीआर

नयी दिल्ली/एजेंसी

चुनाव और राजनीति संबंधी क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करने वाले समूह 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार, देश में लगभग 16 क्षेत्रीय दलों ने पैन संबंधी विवरण के बिना 1,026 चंदों से 24.779 करोड़ रुपये प्राप्त करने की घोषणा की है।

एडीआर की इस रिपोर्ट में भारतीय निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित चंदों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और आम आदमी पार्टी (आप) की चंदे से हुई आय में सर्वाधिक वृद्धि हुई।

इसमें कहा गया है, "वित्त वर्ष 2019-20 में सबसे ज्यादा चंदा घोषित करने वाले शीर्ष पांच दलों में शिवसेना, अन्नाद्रमुक (अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम), आप, बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर-कांग्रेस (युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस) शामिल हैं। इन पार्टियों में से शिवसेना, बीजद और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी ने वित्त वर्ष 2018-19 की तुलना में अपने चंदे में कमी की घोषणा की, जबकि अन्नाद्रमुक और आप ने चंदे में वृद्धि की घोषणा की।"

नकद में सर्वाधिक चंदा मिलने की घोषणा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने की, जिसने 4.63 करोड़ रुपये जुटाए। इसके बाद तमिलनाडु की पट्टाली मक्कल काची ने 52.20 लाख रुपये, लोजपा ने छह लाख रुपये, नगालैंड और मणिपुर के नगा पीपुल्स फ्रंट ने 3.92 लाख रुपये और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने 29,000 रुपये एकत्र करने की घोषणा की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 क्षेत्रीय दलों ने पैन के विवरण के बिना 1,026 चंदों से 24.779 करोड़ रुपये प्राप्त करने की घोषणा की है। जिन 53 क्षेत्रीय दलों का विश्लेषण किया था, उनमें से केवल दो ने चुनाव आयोग को निर्धारित समय अवधि में चंदे संबंधी अपनी रिपोर्ट मुहैया कराई थी और 28 अन्य दलों ने कम से कम छह से 320 दिनों की देरी से अपनी रिपोर्ट मुहैया कराई तथा 23 क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे हैं, जिन्होंने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान अब तक अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग के पास जमा नहीं कराई।

चंदा मिलने की कुल राशि के संदर्भ में शिवसेना 436 चंदों से 62.859 करोड़ रुपये मिलने के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद अन्नाद्रमुक ने तीन चंदों से 52.17 करोड़ रुपये प्राप्त करने की घोषणा की है।

इस मामले में आप तीसरे स्थान पर है और उसने 37.37 करोड़ रुपये प्राप्त करने की घोषणा की। बीजद और वाईएसआर-सी ने क्रमश: 28.20 करोड़ रुपये और 8.924 करोड़ रुपये का कुल चंदा मिलने की घोषणा की।

गेल का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में दोगुना हुआ

नयी दिल्ली/एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में दोगुना से अधिक हो कर 2,862.95 करोड़ रुपये पहुंच गया। गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 1,239.67 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ हुआ था। अप्रैल-जून, 2021 तिमाही की तुलना में भी कंपनी का शुद्ध लाभ 87 प्रतिशत बढ़ा है। उस समय शुद्ध लाभ 1,529.92 करोड़ रुपये था।

गेल देश की सबसे बड़ी गैस विपणन और परिवहन कंपनी है। कंपनी पर्यावरण अनुकूल गैस की आपूर्ति बिजली घरों, उर्वरक इकाइयों, सिटी गैस परिचालकों और उद्योगों को करती है। कपनी के पेट्रोरसायन संयंत्र भी हैं। कंपनी की तीस सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आय 57 प्रतिशत बढ़कर 21,515.30 करोड़ रुपये हो गई। प्राकृतिक गैस विपणन कारोबार के पटरी पर आने के साथ गेल का लाभ बढ़ा है।

इस श्रेणी में कंपनी को तीस सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही में कर के बाद 1,078.92 करोड़ रुपये का लाभ हुआ, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 363.98 करोड़ रुपये था।

कृष्णा फोस्केम लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय 5-ओ-20, बेसमेंट, आर.सी.व्यास कॉलोनी,भीलवाड़ा - 311001, राजस्थान
सीआईएन - L24124RJ2004PLC019288 | फोन न.- 01482-237104, फैक्स न. -01482-239638
ई-मेल : secretarial@krishnaphoschem.com वेबसाइट : www.krishnaphoschem.com
OSTWAL
30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही/अर्धवार्षिक वर्ष गैर अंकेक्षित वित्तय परिणामों के विवरण
[Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015] (रु. लाखो में राशि)

S. No.	Particulars	समाप्त तिमाही			समाप्त अर्धवार्षिक		समाप्त वार्षिक वर्ष
		30.09.2021 गैर अंकेक्षित	30.06.2021 गैर अंकेक्षित	30.09.2020 गैर अंकेक्षित	30.09.2021 गैर अंकेक्षित	30.09.2020 गैर अंकेक्षित	31.03.2021 अंकेक्षित
1.	परिचालन से आय	7,853.77	5,319.19	5,148.92	13,172.96	9,236.99	19,069.89
2.	शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले)	646.33	939.42	816.09	1,585.75	1,251.07	2,839.83
3.	शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद)	646.33	939.42	816.09	1,585.75	1,251.07	2,839.83
4.	शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं के बाद)	428.70	648.66	558.41	1,077.36	846.67	1,958.35
5.	कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद)	428.70	648.66	558.41	1,077.36	846.67	1,952.94
6.	रूपया आय पूँजी	2,740.00	2,740.00	2,490.00	2,740.00	2,490.00	2,610.00
7.	अरिक्षित आय पूँजी				13,349.14		12,100.03
8.	आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति एक) (संचालन जारी रखने और बंद रखने के लिए)						
	1. मूल	1.60	2.44	2.24	3.99	3.40	7.83
	2. तरल	1.56	2.43	2.04	3.93	3.09	7.15

टिप्पणी : 1.30 सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 29 अक्टूबर 2021 को आयोजित अपनी बैठकों में अनुमोदित की गई है। सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा भी इसकी सीमित समीक्षा की गई है।। 2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('INDAS') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के तहत जारी किया गया है। 3. उपरोक्त 30 सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए वित्तुत वित्तीय परिणामों का एक उद्धरण है जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों से भरा है। तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.Krishnaphoschem.com पर उपलब्ध है। 4. कंपनी को सितंबर, 2021 में रु./- की दर से 25,00,000 इक्विटी शेयरों के तरजीही आवंटन के लिए कुल रू.162 इसकी नई परियोजना यानी डीएपी के आंशिक वित्तपोषण के लिए 40.50 करोड़, जिसमें से 23,64,500 इक्विटी शेयरों को आवंटियों द्वारा सब्सक्राइब किया गया है और इक्विटी शेयरों का आवंटन प्रक्रिया में है। तरजीही आवंटन के आधार पर इक्विटी शेयर जारी करने के बाद, कंपनी की कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 27.40 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 29.76 करोड रुपये कर दी जाएगी।।
निदेशक मंडल की ओर से
हस्ताक्षरित /-
(सुनील कोठारी)
स्थान- भीलवाड़ा
तिथि- 29-10-2021
DIN 02056569 पूर्णकालीन निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी